**1. रुस में बोल्शेविक समूह का नेतृत्व किसने किया?**

A. कार्ल मार्क्स B. फ्रेडरिक एंगेल्स

C. व्लादिमीर लेनिन D. लियोन ट्रॉट्स्की (C)

***व्याख्या:*** व्लादिमीर लेनिन ने बोल्शेविक समूह का नेतृत्व किया, जिसने अक्टूबर क्रांति में सत्ता पर कब्जा किया।

**2. 'ब्लडी संडे' किस घटना को कहा जाता है?**

A. रूस में राजशाही का अंत

B. शांतिपूर्ण मजदूरों के जुलूस पर पुलिस का हमला

C. बोल्शेविकों द्वारा सत्ता पर कब्जा

D. जार निकोलस द्वितीय की हत्या (B)

***व्याख्या:*** 'ब्लडी संडे' पर पुलिस और कोसैक्स ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर हमला किया, जिससे 1905 की क्रांति शुरु हुई।

**3. रूसी सोशल डेमोक्रेटिक वर्कर्स पार्टी की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

A. 1905 B. 1898

C. 1917 D. 1920 (B)

***व्याख्या:*** रूसी सोशल डेमोक्रेटिक वर्कर्स पार्टी की स्थापना 1898 में मार्क्सवादी समाजवादियों द्वारा की गई थी।

**4. स्टालिन के शासनकाल में 'कोलखोज' क्या था?**

A. एक शाही महल

B. एक सामूहिक खेती का फार्म

C. एक मजदूर संघ

D. एक राजनीतिक जेल (B)

***व्याख्या:*** 'कोलखोज' वे बड़े सामूहिक फार्म थे जहां किसान सामूहिक रूप से काम करते थे।

**5. 'अप्रैल थीसिस' किसने प्रस्तुत की थी?**

A. कार्ल मार्क्स B. लेनिन

C. स्टालिन D. ट्रॉट्स्की (B)

***व्याख्या:*** लेनिन ने 'अप्रैल थीसिस' प्रस्तुत किया था जिसमें युद्ध समाप्ति, ज़मीन के वितरण और बैंकों के राष्ट्रीयकरण की मांग की गई थी।

**6. रूसी गृहयुद्ध के दौरान 'रेड्स' किसे दर्शाते थे?**

A. ज़ार के समर्थक

B. सोशलिस्ट रिवोल्यूशनरी

C. बोल्शेविक D. मेंशेविक (C)

***व्याख्या:*** 'रेड्स' का मतलब था बोल्शेविक, जिन्होंने समाजवादी सरकार को बनाए रखने के लिए युद्ध किया।

**7. निम्न में से किस देश ने रूसी गृहयुद्ध में 'व्हाइट्स' का समर्थन नहीं किया?**

A. फ्रांस B. ब्रिटेन

C. जर्मनी D. जापान (C)

***व्याख्या:*** फ्रांस, ब्रिटेन और जापान ने 'व्हाइट्स' का समर्थन किया था, लेकिन जर्मनी ने नहीं किया।

**8. प्रारंभिक उदारवादी (लिबरल) यूरोप में किस विचार का विरोध करते थे?**

A. धार्मिक सहिष्णुता

B. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार

C. प्रेस की स्वतंत्रता D. राजशाही का अंत (B)

***व्याख्या:*** प्रारंभिक उदारवादी सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के पक्ष में नहीं थे; वे केवल संपत्ति रखने वाले पुरुषों के मतदान अधिकार का समर्थन करते थे।

**9. 'न्यू हार्मनी' नामक सहकारी समुदाय स्थापित करने का प्रयास किसने किया?**

A. कार्ल मार्क्स B. रॉबर्ट ओवेन

C. लुई ब्लांक D. लेनिन (B)

***व्याख्या:*** रॉबर्ट ओवेन ने अमेरिका के इंडियाना में 'न्यू हार्मनी' नामक सहकारी समुदाय बनाने का प्रयास किया।

**10. 1871 के पेरिस कम्यून ने किस प्रतीक को लोकप्रिय बनाया?**

A. गिलोटिन B. लाल झंडा

C. मुकुट और राजदंड D. सफेद कबूतर (B)

***व्याख्या:*** 1871 के पेरिस कम्यून के बाद 'लाल झंडा' समाजवाद और मजदूर संघर्ष का प्रतीक बन गया।

DESH KA APNA SCHOOL